इंदौर रविवार । 22 फरवरी, 2026 । वर्ष 66 । अंक 31 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से





भारत से पाकिस्तान तक बलात्कारियों पर रहम




6 सबसे त्रासद और खतरनाक बातों का संकेत करती कविताएं



7 दार्शनिक आधार, सामाजिक प्रभाव और भविष्य की संभावनाएं



8 भारतीय महिला टीम ने जीती टी-20 सीरीज


# व्यापार को मिलेगी नई रफ्तार

## भारत-ब्राजील के बीच कई एमओयू पर हस्ताक्षर, ग्रीन फ्यूचर पर फोकस

- पीएम मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति की भेंट
- 20 बिलियन डॉलर पार करने का लक्ष्य : पीएम



**नई दिल्ली, 21 फरवरी. भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने द्विपक्षीय बैठक की और ग्लोबल साउथ में साझेदारी मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की. दोनों देशों के बीच कई एमओयू पर हस्ताक्षर हुए और संयुक्त बयान जारी किया.**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ब्राजील लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है और दोनों देश आने वाले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 बिलियन डॉलर से अधिक तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने कहा कि यह व्यापार केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि आपसी विश्वास का प्रतिबिंब है. बताया कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एआई सुपर कंप्यूटर, सेमीकंडक्टर्स और ब्लॉकचेन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को प्राथमिकता दी जा रही है. ब्राजील में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने पर भी काम जारी है. ऊर्जा सहयोग को संबंधों का मजबूत स्तंभ बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हाइड्रो कार्बन के साथ रिन्यूएबल एनर्जी, इथेनॉल ब्लेंडिंग और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जाएगा.

### राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत

ब्राजील के राष्ट्रपति का शनिवार को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया. द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति लूला के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक की. राष्ट्रपति लूला के साथ करीब 14 मंत्रियों और ब्राजील की प्रमुख कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल भारत आया है. इससे पहले एस जयशंकर ने राष्ट्रपति लूला से मुलाकात कर भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की. उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति लूला की बैठक से दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा मिलेगी. जयशंकर ने ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा से भी मुलाकात की.

### 88 देशों ने नए घोषणा पत्र पर किए हस्ताक्षर

**एआई इम्पैक्ट समिट का समापन**

नई दिल्ली. इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का समापन नए घोषणा पत्र के साथ हुआ. 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस पर हस्ताक्षर किए. ये सहमति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक सहयोग का प्रतीक बन गई है. सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय (सभी के लिए कल्याण, सभी की खुशी) के सिद्धांत से निर्देशित घोषणा रेखांकित करती है कि एआई का लाभ मानव हित में होगा, यानी ये जन केंद्रित होगा. यह अंतरराष्ट्रीय सहयोग, राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान करने और सुलभ-भरोसेमंद ढांचे के माध्यम से एआई को आगे बढ़ाने पर जोर देता है. डिक्लेरेशन सात प्रमुख स्तंभों के इर्दगिर्द रची गई है, जो वैश्विक एआई सहयोग की नींव है. ये हैं एआई संसाधनों का लोकतंत्रीकरण, आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई, सुरक्षित और विश्वसनीय एआई, विज्ञान के लिए एआई, सामाजिक सशक्तिकरण तक पहुंच, मानव पूंजी विकास और ठोस, कुशल और अभिनव एआई सिस्टम आदि.



# भाजपाई-कांग्रेसियों में भिड़ंत

**एसआई सहित कई घायल**

## इंदौर में सियासी बबाल, ग्वालियर और जबलपुर सहित कई जिलों में तनाव

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 21 फरवरी. एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे देश व्यापी आंदोलन के तहत शनिवार दोपहर शहर के गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर उस समय हालात बेकाबू हो गए, जब भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ता घेराव करने पहुंचे और वहां पहले से मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उनकी भिड़ंत हो गई.**

दोपहर करीब 1 बजे गांधी भवन के बाहर नारेबाजी से शुरू हुआ विवाद पथराव में बदल गया, जिसमें यहां दोनों पक्षों ने एक दूसरें पर विवाद शुरू होने के आरोप प्रत्यारोप किए. वहीं स्थिति संभालने के लिए पुलिस को वॉटर कैनन चलाना पड़ा, पथराव में सब इंस्पेक्टर सहित कांग्रेस और भाजपा के कई लोग भी घायल हुए हैं. इसी के साथ ग्वालियर और जबलपुर समेत कई जिलों में प्रदर्शन के दौरान तनाव की स्थिति रही. भाजयुमो कार्यकर्ता जैसे ही गांधी भवन पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों ने उनका विरोध किया. दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद पत्थर, पानी की बोतलें और तेल की थैलियां एक-दूसरे पर फेंकी जाने लगीं. कुछ कार्यकर्ताओं ने संतरे और टमाटर भी उछाले. उपद्रव के दौरान ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर आरएस बघेल के सीने पर बड़ा पत्थर लगा. उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. इसके अलावा दो अन्य पुलिसकर्मी और कुछ कार्यकर्ताओं को भी हल्की चोटें आई हैं, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया. (शेष पेज 12 पर)

डीसीपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पथराव करने वालों की पहचान की जा रही है. शासकीय कार्य में बाधा और पुलिस अधिकारी पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी. दोषियों पर प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी. घटना के बाद गांधी भवन और आसपास के क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है. वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि हालात फिलहाल नियंत्रण में हैं.

## एक नजर में



### श्रीनगर के पास हादसे में सात जवान घायल

श्रीनगर. जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वाहन के नहर में गिर जाने से कम से कम सात जवान घायल हो गए. अधिकारियों के अनुसार यह हादसा सुबह डागपोरा-उमरहेयर रोड पर अहमदनगर क्षेत्र में हुआ. बताया गया है कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण गाड़ी सड़क से फिसलकर नहर में जा गिरी. घटना के तुरंत बाद राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया और सभी घायल जवानों को तुरंत श्रीनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया. सभी घायलों की हालत स्थिर है. घटना के बाद नहर से सीआरपीएफ वाहन को बाहर निकालने के लिए भी अभियान चलाया गया.

### मेरठ को 12,930 करोड़ की सौगात देंगे पीएम

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ का दौरा करेंगे, जहां वह शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन से मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. साथ-साथ क्षेत्र में 12,930 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पण करेंगे. इस अवसर पर वह एक जनसभा को संबोधित भी करेंगे. वह मेरठ साउथ स्टेशन तक मेट्रो में सफर भी करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि मोदी राष्ट्र को 82 किलोमीटर लंबा दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर समर्पित करेंगे. वह भारत की पहली नमो भारत क्षेत्रीय तीव्र परिवहन प्रणाली के शेष खंडों का

# एसआईआर : मप्र में 34 लाख नाम हटे

- चुनाव आयोग ने फाइनल वोटर लिस्ट की पब्लिश
- 4 राज्यों में 99 .58 लाख नाम कटे



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 21 फरवरी. चुनाव आयोग ने शनिवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की।**

एमपी में 5.39 करोड़, राजस्थान में 5.15 करोड़, केरल में 2.69 करोड़ और छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ नाम फाइनल वोटर लिस्ट में है। इन चार राज्यों में कुल 99 लाख, 58 हजार 398 वोटर के नाम हटाए गए हैं।

चुनाव आयोग ने शनिवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है, जिसमें प्रदेश में मतदाताओं की संख्या अब 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 65 तक सीमित हो गई है. एसआईआर से पहले प्रदेश में वोटरों की संख्या 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 143 थी. इस तरह अब प्रदेश में अंतिम रूप से 34 लाख 25 हजार 78 वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं. शेष पेज 12 पर

# बस और वैन की भिड़ंत में 5 की मौत, 6 घायलों को किया रेफर

**भिंड, 21 फरवरी. आए दिन दुर्घटनाओं का सबब बने ग्वालियर भिंड को जोड़ने वाले एनएच 719 पर शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात भीषण हादसे में पांच लोगों की जान चली गई. वहीं छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.**




बता दें बस और वैन में भिड़ंत शुक्रवार- शनिवार की रात करीब दो बजे हुई. भिंड की ओर से बारात छोड़कर ग्वालियर की ओर जा रही बस क्रमांक एमपी 06 पी 1295 जैसे ही बूटी कुइया और छीमका के निकट गिल ढावा के करीब पहुंची, तभी ग्वालियर की ओर से आ रही वैन क्रमांक एपी 07 जेडजे 7318 की भिड़ंत हो गई. हादसे में मौके पर चार की मौत हो गई जबकि एक ने ग्वालियर में दम तोड़ दिया. प्राथमिक उपचार के बाद सभी छह घायलों को गंभीर हालत में जयारोग्य अस्पताल ग्वालियर रेफर किया गया.

# अमेरिकी राष्ट्रपति का नया फरमान 10 प्रतिशत नया टैरिफ होगा लागू

- कोर्ट ने दिए थे टैरिफ रद्द करने के आदेश

**वॉशिंगटन, 21 फरवरी. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय द्वारा उनके व्यापक टैरिफ कार्यक्रम के बड़े हिस्से को खारिज किए जाने के बाद जवाबी कार्रवाई की और एक नया आदेश जारी किया है, जिसके तहत दुनिया भर से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क लगाया जाएगा. उन्होंने कहा कि इसके साथ ही समायोजन प्रक्रिया शुरू हो गई है.**



नये टैरिफ व्यापार अधिनियम, 1974 की धारा 122 के तहत लगाए गए हैं और ये लगभग तुरंत प्रभावी होंगे. ये अधिकतम 150 दिनों तक लागू रहेंगे. यह कदम ट्रंप के संरक्षणवादी व्यापार एजेंडे का हिस्सा बताया जा रहा है.

**लोकार्पण एवं भूमिपूजन** सीएम ने सेवढ़ा को दी 529 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# मां पीताम्बरा लोक के निर्माण से बढ़ेगा पर्यटन : सीएम

नवभारत न्यूज

**दतिया, 21 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को दतिया जिले के सेवढ़ा तहसील मुख्यालय को 529 करोड़ लागत के 71 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी. इन विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दतिया विकास, नवाचार, महिला सशक्तिकरण और किसान समृद्धि का एक रोल मॉडल बन गया है.**



दतिया में मां पीताम्बरा लोक का निर्माण तेजी से प्रगति पर है. इससे जिले के पर्यटन को नए पंख लगेंगे और इसे एक नई धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहचान भी मिलेगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि करीब सवा 2 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली रतनगढ़ सिंचाई परियोजना से इस क्षेत्र के 40 हजार से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा.

क्षेत्रीय सांसद संध्या राय ने कहा कि सनकुआं धाम को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की आवश्यकता है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित होंगे. विधायक प्रदीप अग्रवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में सेवढ़ा क्षेत्र को मिली विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों की सौगात के लिए आभार माना. कार्यक्रम में रघुवीर कुशवाहा, महेंद्र सिंह यादव, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे.